बन बिकट जूह परबत गुहा। बर बेहर बंकम बिषम ॥
दारुन्न भयानक अति सरल। बर प्रस्तर नहिं जल सुषम ॥
छं० ॥ १७ ॥

कंगुर गढ़ के पहाड़ जंगल इत्यादि की सघनता और उसके विकटपन का वर्णन।

भुजंगी ॥ बनं जा विषंमं विषं बाज कंटं ॥ घनं व्याघ्र आघातता नद्द घंटं ॥
षहं जा षजूरी घनं जूथ भोरं। जिनै वास आसं लगे पंक मोरं ॥
छं० ॥ १८ ॥

घनं पामरं जाति बंधै धनंकी। गिरं देखतें गत्ति भाजै मनंकी ॥
झरै झरनि झोरं सु आघात सोरं। [3]जितें सद्दया सद्द ता अंग मोरं ॥
छं० ॥ १९ ॥

(१) मो.-बर। (२) मो.-मंडहि-न हम। (३) मो.-जिनें।

हयं तज्जि राजं चलै हथ्थ डोरं। इकं इक्क पच्छै बिपं जन्न जोरं॥
बजै सद्द सद्दं परछंद उट्ठै। सुनै कन्न सोरं सु धीरज्ज छुट्टै॥
छं० ॥ २० ॥

इकं होइ राजं पथं सत्त [1]रुद्धै। दियै हथ्थ तारी तिनं कोन [2]बद्धै॥
तबै मुक्कले राज नारेन बीरं। ननं षग्ग मग्गं सधै इक्क तीरं॥
छं० ॥ २१ ॥

न्रपं काम नाही [3]प्रधानं प्रवानं। दोऊ सेन रघुबंस अरिसेन भानं॥
छं० ॥ २२ ॥

उक्त दोनों वीरों का घुड़चढ़ी सेना को हुसैन खां के सुपुर्द करके आप पैदल सेना सहित किले पर चढ़ाई करना।

दूहा ॥ मानि मंत चहुआन कौ। मुकलि दीय दोइ बीर॥
ताजी तुंग समप्पियै। [4]षां हुसेन दिय भीर॥ छं० ॥ २३ ॥

नारेन और नीति राव का घोड़ों पर सवार होकर चढ़ाई करना।

कवित्त ॥ तब लगि पान सु पान। हथ्थ नारेन मंडिलिय॥
नमि चरननि कर बाहि। रोस आरोहि अंषि विय॥
ताजी तुंग सु अथ्थि। जेन रुक्के बर बिय करि॥
नीतिराव कुटवार। संग दीनौ नरिंद बरि॥
बारंग बीर बज्जर बहिर। निधि निसान बज्जे सुभर॥
नेपुरह अप्प बरनी बरा। जस मुकट्ट प्रथिराज बर॥ छं० ॥ २४ ॥

कंगुर द्रुग पर आक्रमण करने वाले वीरों की प्रशंसा वर्णन।

बर भरियं बर अप्प। लियौ फुरमान नरिंदं॥
लाज राज विंटयौ। जानि पारस बिंच चंदं॥
श्रीय काज श्रीराम। सु छल हनमंतह तैसे॥

(१) ए. कृ. को.-रुंधै। (२) ए. कृ. को.-बंधै।
(३) ए. कृ. को-प्रथानं। (४) ए.-खान।

स्वामि काज सामंत। बियौ धर मभ्भव जैसे ॥
जस तिलक हथ्थ चहुआन कौ। दुज्जन दल जित्तन चल्यौ ॥
रवि वार सुरंग सु सत्त में। गुन प्रमान जंबुअ षुल्यौ ॥ छं० ॥ २५ ॥

नारे (पीठ की सेना के नायक) के चढ़ाई करते ही शुभ शकुन होना।

पद्धरी ॥ नारेन जंबु गढ़ चल्यौ काज। बोलहित वाम कौदहति ताज ॥
दाहिने स्रग्ग संमुह फुनिंद। नौरूप बोल बोलहित हद्द ॥
छं० ॥ २६ ॥

हंकरै सिंह कोदहति वाम। उत्तरै [1]देवि दाहिन सु ताम ॥
दिसि वाम कोद घू घू टहक्क। फुनि करै हक्क केकी पहक्क ॥
छं० ॥ २७ ॥

उत्तरै [2]दार वाराह [3]सथ्थ। डहकरै सांड़ दिसि वाम तथ्थ ॥
[4]बन्नर विरूर दाहिनै सद्द। सुनियै न क्रन्न नंदनी नद्द ॥ छं० ॥२८॥
[5]कुरलंत बाम सारस समूह। मुक्कइ न गिद्धि पच्छै अजूह ॥
कुरलेत कग्ग चित्तहत हीन। हंसीय बाम आनंद कीन ॥छं० ॥२९॥
हां कहत हल्ल करि गट्ट मध्थ। चहुआन प्रिथ्थ रिभ्भेव तथ्थ ॥
हाहुल्लराव दीनौ विरुद्द। आनंद बज्जि नीसान नद्द ॥ छं० ॥ ३० ॥

सेना का हल्ला कर के क्रोध से धावा करना।

दूहा ॥ हां कहतें ढीलन करिय। हल्लकारिय अरि मध्थ ॥
* ताथें विरद हमीर को। हाहुलि राव सु कथ्थ ॥ छं० ॥ ३१ ॥
चढ़ि चल्ले बंदन [6]सुकन। भागह जे प्रथिराज ॥
बर प्रब्बत बैदेस सधि। बीर बजी रन बाज ॥ छं० ॥ ३२ ॥

युद्ध और वीरों की वीरता वर्णन।

(१) मो.-देव।
(२) ए. कृ. को.-डार।
(३) ए. कृ. को.-रत्थ, हथ्थ।
(४) ए. कृ. को.-बंदर।
(५) कृ.-कुरलेत।
(६) मो.-सगुन।

* छंद नं. ३० का आधा और ३१ संपूर्ण मो. प्रति में नहीं है।

पद्धरी ॥ आएस लीन जुग्गिन नरेस। सजि सिलह सुभर मंडी सु भेस ॥
सिंगिनी सुथ्थ गौ गंठि थाल। अरि अंग षतंग भै पाति [1]काल ॥
छं० ॥ ३३ ॥

नेजा सुरंग बंबरि विपान। अट्ठार टंक पंचै कमान ॥
धज सुरँग रत्त गजराज हालि। जानं कि भमि बद्दलति चालि ॥
छं० ॥ ३४ ॥

अति इत्त दहकि धर धरकि हल्लि। चतुरंग सेन चिहुं पास चल्लि ॥
चासंत तीर सब तुंग मानि। गढ़ मुक्कि गड्ढ ओछंडि थान ॥छं०॥३५॥

आवाज बज्जि दस दिसा मान। भूमियां संकि गय मुक्कि थान ॥
वल्लभ सु बाल गय बाल मुक्कि। रो रथ्थ नारि चकि नय सु चक्कि ॥
छं० ॥ ३६ ॥

फट्टे दुकूल नग नगन चट्टि। मंगलिक जानि बब्बौर कट्टि ॥
[2]फुटि अंसु वास रस गत दिषाहि। नौग्रह सु हेम गिरि मल्ल गाहि ॥
छं० ॥ ३७ ॥

नंषैति हार कहुं बाल नारि। तिन की उपंम बरनी सुभार ॥
तुट्टंत मुत्ति पग पगन मान। नंषंत तीय पिय को निसान ॥
छं० ॥ ३८ ॥

के दुरत धाइ चित चित्रसाल। जाअहिं सुचित्त पुत्तलिय बाल ॥
ता मध्य आइ रहै पंचि सास। मानहु कि रचि चित्रह बिलास ॥
छं० ॥ ३९ ॥

सुर सुकी दीन भइ बाल बाम। अग्गै सुबाल दीसहि सु ताम ॥
कविचंद सु ओपम एक वार। उतऱ्यो राह रूपह सवार ॥
छं० ॥ ४० ॥

चित्रहति साल रष्षीति बाल। नह परहि बंदि ते तिहति काल ॥
द्रुभभवै [3]वाहि मदिरत्ति रिभ्भि। चल्लै न पाइ मानं उलभ्भि ॥
छं० ॥ ४१ ॥

---

(१) ए, कृ, को,-पाल।
(२) ए. कृ. को.-फेटे, फेट्टे। (३) मो.-नाहि।

देषंत सुमन गति भई पंग । रुट्ठई काम रति कोटि रंग ॥
नट्ठई उगति तिन देषि बाल । मानो कि रास मझ्झें गुपाल ॥

अकेले रघुवंस राम का किले पर अधिकार कर लेना ।

दूहा ॥ बंस दुजन घर गाहि फिरि । तब लगि दुजति सपन्न ॥
एकल्ल रघुबंस ने । लै गढ़ सबर प्रपन्न ॥ छं० ॥ ४३ ॥

सब सामंतों का सलाह करके (रामरेन) रामनरिंद को गढ़ रक्षा पर छोड़ना और सब का गढ़ के नीचे पृथ्वीराज के पास जाकर विजय का हाल कहना ।

कवित्त ॥ सबै सूर सामंत । पलह बंध्यौं गढ़ लिन्नौ ॥
थप्यौ राम नरिंद । हथ्थ फुरमान सु दिन्नौ ॥
तुम रहियौ इन थान । जाइ कंगुर सँपत्तौ ॥
मिलौ जाइ प्रथिराज । राज सम्हौ प्रापत्तौ ॥
आनंद फते तप तुझ्झ बल । धन समूह आइय सु धर ॥
सुब्भर सुघाइ तेरह परे । बिय दाहिम्म नरिंद बर ॥ छं० ॥ ४४ ॥

सब भोंटी भूमि पर चहुआन की आन फिर जाना और भान रघुवंस का हार मान कर पृथ्वीराज को अपनी पुत्री व्याहना ।

सबै भूमि अरि गाहि । आन फेरी चहुआनं ॥
पऱ्यौ भान रघुबंस । बीर बंचे फुरमानं ॥
माल्हन वास नरिंद । राज रघ्यौ तिन थानं ॥
बर बंध्या अरि साहि । घून कढ्यौ परवानं ॥
बर बरनि बीर प्रथिराज बर । बर रघुबंस बुलाइयौ ॥
दिन देव दसमि बर भूमि बर । तदिन सु रंगन पाइयौ ॥ छं० ॥ ४५ ॥

नियत तिथि पर व्याह होना ।

दूहा ॥ परिनि बीर प्रथिराज बर। बर सुंदरी सु लच्छ ॥
देव व्याह दुज्जन दवन। दिन पञ्चरौ सु अच्छ ॥ छं० ॥ ४६ ॥

भोटी राज की कन्या के रूप गुण का वर्णन।

कवित्त ॥ [1]दच्छिन वृत्त सुनाभि। तुंग नासा गज गमनी।
सासनि गंध रु पंजु। कुटिल केसं रति तरनी ॥

(१) मो.-द्रिषत।

बर जंघन मृदु पंथ। कुरँग लज्जे छबि हीनं ॥
इह ओपम कविचंद। हथ्थ करतार सु कीनं ॥
वर बरनि बीर प्रथिराज बर। घन निसान बज्जै सुबर।
जंबूअ राव हम्मीर ने। धम्म काज दीनौ [2]सुधर ॥ छं० ॥ ४७ ॥

भोटी राज की तरफ से जो दहेज दिया गया उसका वर्णन और पृथ्वीराज का दिल्ली में आकर नव दुलहिन के साथ भोग विलास करना।

बर बरनी दै हथ्थ। गुंट अप्पे जु एक सौ ॥
चौर मृगंमद मधुर। चूम्म दीनि सु सत्त सौ ॥
अठ्ठ सुरंग गजराज। बाज ताजी सौ दासी ॥
बर लच्छी चतुरंग। चंद [3]पिष्षिय सोभासी ॥
ढिल्लीव नाथ ढिल्ली दिसा। अरिन जीति बर परनि कै ॥
संजीव काम बोलिय सु ढिंग। बर निसान बर बरनि कै ॥छं०॥४८॥
दूहा ॥ आयौ न्रप ढिल्ली पुरह। बर बज्जे त्रिघोस ॥
डोला पंच नरिंद सँग। मधि सुंदरी अदोष ॥ छं० ॥ ४९ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके कांगुरा विजै नाम पैंतीसमों प्रस्ताव संपूर्णः ॥ ३५ ॥

(१) ए. कृ. को.-जु कर। (२) ए.-द्रिष्षी।

अथ हंसावती विवाह नाम प्रस्ताव लिष्यते।

(छत्तीसवां समय ।)

पृथ्वीराज का शिकार के लिये षट्टूपुर जाना ।

दूहा ॥ इक तप प्रंग नरिंद कौ । सुनि अवाज सुरतान ॥
आषेढक प्रथिराज गय । षट्टूपुर चहुआन ॥ छं० ॥ १ ॥

रणथंभ में राजा भान राज्य करता था उसकी हंसावती नामक एक सुंदर कन्या थी, और चँदेरी में शिशुपाल वंसी पंचाइन नाम राजा राज करता था ।

कवित्त ॥ रा जद्दव रिनथंभ । भान पंचाइन भारी ॥
हंसावति तिन नाम । हंसवति गत्ती सारी ॥
[1]अवनि रूप सुंदरी । काम करतार सु कीनी ॥
मंन मन्नवै विचार । रूप सिंगार स लीनी ।
लंष्यन वतीस लच्छी सुहस । अति सुंदरि सोभा सु कवि ॥
अस्तम्म उदै वर [2]बक्र विच । दिष्षि न कहुं चक्रंत रवि ॥छं०॥२॥

हंसावती की शोभा वर्णन ।

नाग वेनि सुनि पीन । कंति दसनह [3]सोभत सम ॥
अंषि पद्म पच मनु । भाल अष्टम रति प्रतिक्रम ॥
सिषा नाभि ग्राज गत्ति । नाभि दछना व्रत सोभै ॥
सिंघ सार कटि चारु १ जंघ रंभा जुषि लोभै ॥
सुंदरी सौत सम वरि चरित । चतुर चित्त हरनी बिदुष ॥
सत पच गंध मुष ससिय सम । नैन रंभ आरंभ रुष ॥ छं० ॥ ३ ॥

(१) मो.-अवरि । (२) को.-चक्र । (३) मो.-सोभतं ।

चँदेरी के राजा का हंसावती पर मोहित होकर रणथंम को दूत भेजना।

गाथा ॥ बर बंसी [1]ससिपालं। चिंत्तं अस संभलं बालं ॥
मन बयनं तन [2]बढ्ढै। रिनथंभं [3]मुक्कवै दूतं ॥ छं० ॥ ४ ॥

चँदेरी के दूत का रणथंभ में जाकर पत्र देना।

अरिल्ल ॥ दूत आइ बर बीर सपत्ते। जग्गद हथ्थ दिए बर तत्ते ॥
हंसावति अप्पै बर [4]रंभं। तजौ वेग उभ्भौ रिन थंभं ॥ छं० ॥ ५ ॥

रणथंभ के राजा भानुराय का क्रुद्ध होकर उत्तर देना कि मैं चंदेरी पति से युद्ध करूंगा उसके घुड़कने से नहीं डरता।

कवित्त ॥ रा जद्दव रिन भान। तमकि कर चंपि लुहट्ठी ॥
बर रनथंभ उत्तरी। बीर बस्सी [5]अहुट्ठी ॥
बर कग्गद [6]कर फेरि। सुभ्रि करियै बर राजन ॥
मतै बैठि कुंडली। भ्रम्म छची जिन भाजन ॥
बुल्लइ न एन दुज्जन भिरन। तरन तार साधन मरन ॥
बर बीर जुद्ध चालुक्क रन। हक्कायौ दुज्जन भिरन ॥ छं० ॥ ६ ॥

कुंडलिया ॥ रिन थंभह वर उप्परै। चढ़ि गढ्ढौ करि साहि ॥
हंस मरत रा भान कौ। धसि उप्पर धर धाइ ॥
धसि उप्पर धर जाइ। सुजस जंपै सब कोई ॥
जोग मग्ग लभ्भनह। षग्ग मग्गह मत होई ॥
अलए आव संसार। सिद्ध साधकह अथंभह ॥
सब्ब जोग सहकम्म। सब्ब तीरथ रनथंभह ॥ छं० ॥ ७ ॥

---

(१) मो.-शिशुपालं। (२) मो.-बढ्ढे।
(३) ए. कृ. को.-मुक्कले, मुकले। (४) ए. कृ. को.-उम्भं।
(५) ए.-उहठी। (६) ए. कृ. को.-बर।

चँदेरीपति का कुपित होकर रणथंभ पर चढ़ाई करना।

कवित्त ॥ सुनि बंसी ससिपाल। बीर पंचाइन कोप्यौ।
सद्द मद्द गज जेमि। तमसि धीरज सम लोप्यौ॥
रिनथंभह दिसि थंभ। दियौ बर बीर मिलानं॥
गय हय दल चतुरंग। सजे तिन बेर प्रमानं॥
बर बीर अग्ग बस्सीठ चलि। राजहौ संमुह दिसा॥
परनाइ कुंअरि हंसावती। सु बर कोपि आयौ निसा॥ छं० ॥ ८ ॥

चँदेरीपति का एक दूत राजा भान को समझाने को भेजना और एक शहाबुद्दीन के पास मदत के लिये।

दूहा ॥ जस बेली रिनथंभ न्रप। फल पच्छै न्रप आइ॥
रा जद्दव सुरतान सौं। कहि बर जाइ सुधाइ॥ छं० ॥ ९ ॥

स्त्री के पीछे रावण दुर्योधन इत्यादि का मान प्राण और राज्य गया।

कवित्त ॥ स्त्रीय [1]रष्षि रावनह। लंक तोरन कुल षोयौ॥
कपट रष्षि दुरजोध। षग्ग षोहनि दल [2]गोयौ॥
मंतहीन बर चंद। कियौ गुरवार सुहिल्लौ॥
क्रम्म रष्षि रघुराइ। अजै जान्यौ न पहिल्लौ॥
रनथंभै मंडि छंडी [3]सरन। भिरनं कहौ बर बीर सब॥
ससिपाल बीर बंसी [4]बिलस। हम देषै आयौ सु अब॥ छं० ॥ १० ॥

जीव रक्षा के लिये देव दानवादि सब उपाय करते हैं।

जीवन बलह विनोद। अलह नब्बी घन मंगहि॥
जीवन बलह विनोद। आस आसन्न असुर गहि॥

(१) ए.-रषी। (२) मो.-षोयौ।
(३) ए. कृ. को.-रसनं। (४) मो.-विमल।

जा जीवन सुंदर। सुगंध बर बंधव लोकै॥
जा जीवन काजें। कपूर पूरन प्रभु कोकै॥
जा जियन देव दानव मिलन। किलमन कलि आवन गवन॥
तिन भवन छंद छंडित गहर। तजित तुंग तन सो भवन॥छं०॥११॥

भानुराय यद्दव का बसीठ की बात न मानना।

दूहा॥ रा जद्दव बर भान नैं। [1]बहु मंग्यौ बर हट्ट॥
बाजी बार पयानरै। तुंगी तेरह ठट्ट॥ छं०॥ १२॥

बसीठ का लौट कर चँदेरीपति की फौज में जा पहुंचना।

इह सुनि बीर बसीठ उठि। भानह हल्यौ न हल्ल॥
तीस कोस सम्हौ मिल्यौ। बर पंचाइन ढल्ल॥ छं०॥ १३॥

पंचाइन की सहायता के लिये गजनी से नूरीखां हुजावखां आदि सरदारों का आना।

कवित्त॥ अग्गिवान उजबक्क। धाइ भाई परवानिय॥
ता पच्छैं साहाब। षान बंधे तुरकानिय॥
ता पच्छैं नूरी हुजाब। सेई संचारिय॥
केलीषान कुलाहं। सब्ब सेनी कुटवारिय॥
बानिक्क बीर दुल्लह सुजर। भाइ षान रन अंभ बर॥
ससिपाल बीर बंसी विलस। बर आयो रनथंभ पर॥ छं०॥ १४॥

दोनों घनघोर सेनाओं सहित चँदेरी के राजा का आगे बढ़ना।

दूहा॥ पंचाइन बल पष्परै। [1]यह रनथंभह काज॥
कंक बंक बर कट्टनह। चढ़ि चल्ल्यौ रन राज॥ छं०॥ १५॥

चँदेरी राज की चढ़ाई का वर्णन।

भुजंगी॥ ससीपाल बंसी चढ्यौ कोपि रथ्थं। मनों बंक चक्रं धस्यौ आनि पथ्थं॥
जलं जुब्बनं जूथ धावै दुरंगा। करै कूंच उंचं [2]उरज्जै तुरंगा॥छं०॥१६॥

(१) ए. कृ. को.-हथ, हथ्थ। (२) मो.-उरझ्झै, उरँनै।

कहै बत्त रत्ती मुषं रत्त आहौ । कहैं अश्व आठू रनंथंभ ठाहौ ॥
ससीपाल बंसी चंदेरीय रायं । उथौ छच सीसं कबी देषि गायं ॥
छं० ॥ १७ ॥

नगं पंति मुत्ती सिरं हेम दंडी । ग्रहं अट्ठ मानों ससी मेरछ मंडी ॥
फिरी पंति राई रिनंथंभ घेऱ्यौ । मनों भावरी भान सुम्मेर फेऱ्यौ ॥
छं० ॥ १८ ॥

रनथंभपति भान का पृथ्वीराज से सहायता मांगना ।

दूहा ॥ घन घेऱ्यौं रिनथंभ पर । लिषि ढिल्ली परवान ॥
तब जद्दव रा भान ने । दिय कग्गद चहुआन ॥ छं० ॥ १९ ॥

भानराय का पृथ्वीराज को पत्र लिखना ।

कवित्त ॥ रा जद्दव बीराधि । बीर गुज्जह अनुसरयौ ॥
हयदल पयदल गज । अरोहि रिनथँभ यौं अरयौ ॥
धंधेरा धंधेल । चंद ससिपालह वंसिय ॥
अध लष दलहि हिलोर । जोर गरुवंतं गंसिय ॥
हम्मीर राव हाड़ा हठी । षीची राव प्रसंग दुह ॥
प्रारंभ करै संभरि धनी । जौरै बंध षुमान सह ॥ छं० ॥ २० ॥

उक्त पत्र पढ़ कर पृथ्वीराज का समर सिंहजी के पास कन्ह को भेजना ।

दूहा ॥ सुनि कग्गद चर चिंत कैं । तिथि सातें चहुआन ॥
समर सिंघ रावर दिसा । गुर जन मुक्यौ कान्ह ॥ छं० ॥ २१ ॥

कन्ह का समरसिंह के पास पहुंच कर समाचार कहना ।

कवित्त ॥ बर पंचाइन सबर । सबर बंसी ससिपालं ॥
घेऱ्यौ तिन रनथंभ । सुबर जंपे बर कालं ॥
मान बीर पुकार । धाइ आई ढिल्लीवै ॥
अद्ध अद्ध पहु पंग । सध्य अद्धो बर है वै ॥

जोगिंदराव जग हथ्थ बर। महन रंभ उप्पर सबर॥
कालंक राइ कप्पन बिरद। [1]तुम आओ रचि सेन बर॥ छं०॥ २२॥

समर सिंह जी का सेना तैयार करके कन्ह से कहना कि हम अमुक स्थान पर आ मिलेंगे।

दूहा॥ चित्रंगी चतुरंग सजि। बर रनथंभ सु काज॥
बर सहेट रावर समर। आवन बदि प्रथिराज॥ छं०॥ २३॥
चलत कन्ह चहुआन बर। कहि चतुरंगी राज॥
तुम अग्गैं हम आइहैं। आवन सुधि प्रथिराज॥ छं०॥ २४॥

तथा यहां से रनथंभ केवल ६५ कोस है इसलिये तुम से आगे जा पहुँचेंगे।

पंच कोस बर सट्ठि अग। चीतौरह रनथंभ॥
तुम अग्गैं हम आइहैं। महन रंभ आरंभ॥ छं०॥ २५॥

कन्ह का कहना कि पृथ्वीराज का दिल्ली से तेरस को चले हैं और राजा भान पर बड़ी बिपत्ति है।

कवित्त॥ महन रंभ आरंभ। कन्ह चालत सन मंडिय॥
अट्ठ दौह हम अग्ग। राज तेरसि ग्रह छंडिय॥
बर बंसी ससिपाल। गंज लग्गिय न्वप [2]भानं॥
धरति धवर [3]तह नाम। सेत मिसि देही दानं॥
अग्रहन ग्रहन रिनथंभ मति। इह सुमिच आयौ पढ़न॥
कालंक राइ कप्पन बिरद। महन रंभ बध्यौ बढ़न॥ छं०॥ २६॥

समरसिंह का कहना कि हमारे कुल की यह रीति नहीं है कि शरणागत को त्यागें और बात कह के पलटें।

(१) मो.- तुम आओ सेना बरन।
(२) ए. कृ. को.-मान। (३) ए. कृ. को. नाहि।

सुनि कन्हा चहुआन । रीति आहुट्ठ ग्रेह कुल ॥
सरन रष्षि कट्ठइन । मिलै जों कोटि देव बल ॥
संग्रामं हरषै न । सुबर षची बर धायौ ॥
रन रष्षै रजपूत । छच छल छांह नवायौ ॥
द्रिग रत बल बंसै सुबर । बेद भ्रम्म बंध्यौ चवै ॥
कालंक राइ कप्पन विरद । क्रित्ति काज नव निधि द्रवै ॥छं०॥२७॥

समरसिंह का कन्ह की दी हुई नजर को रखना ।

दूहा ॥ तिय हजार तेरह तुरँग । हस्त मत्त बर तीन ॥
मनि गनं मुत्तिय माल दस । रष्षे कन्ह सु बीन ॥ छं० ॥ २८ ॥
पूज कुलह चहुआन दय । वे'सब मनि, [१]गनि साह ॥
लच्छिय सब हथ्थिय ग्रहन । दीना सब्ब समाहि ॥ छं० ॥ २९ ॥

कन्ह का यह कह कर कूच करना कि तेरस को युद्ध होगा ।

चले कन्ह बर संग न्रप । समर सजग्गी आउ ॥
तेरसि त्र्यंबक बज्जिहै । धरकि बीर उमराउ ॥ छं० ॥ ३० ॥

दसमी सोमवार को समर सिंह जी की यात्रा की मुहूर्त वर्णन ।

कवित्त ॥ घरी पंच बर सोम । दैव दसमी ग्रह सारिय ॥
दुब्ब दान करि मंच । सुगुर पंचमि बुध [२]चारिय ॥
अंड चार भय हूर । फेरि नव मीन न भग्गा ॥
असुर सुगुर वक्रयौ । छंड बिय थानति अग्गा ॥
चिचंग राइ रावर समर । महा जुद्ध संग्राम रजि ॥
दस कोस बीर मेलान दै । सुबर बीर चतुरंग [३]सजि ॥छं०॥३१॥

यात्रा के समय समर सिंह जी की चतुरंगिनी सेना की शोभा वर्णन ।

पद्धरी ॥ सजि चल्यौ समर रावर सु तथ्थ । जानै कि सरित सागर समथ्थ ॥

(१) ए. कृ. को.-बर साहि, बर साई ।
(२) ए. कृ. को.-आरिय ।　　(३) ए. कृ. को.-राजि ।

बज्जे निसान दिसि दिसि प्रमान। मानों समुद्द गिरि [1]गज्जिय थान॥
छं० ॥ ३२ ॥

सुभ्भै न भान रज [2]मभ्भि सलीव। चक्कीय चक्कवे चलि सु क्कीव॥
चतुरंग सेन चल्लिय सुरंग। बहु रुक्कि अंभ घन नभ्भ संग॥
छं० ॥ ३३ ॥

सहनाइ भेरि कल कलनि बज्जि। जल होइ थलनि थल जलन रूभ्भि॥
उन्नयौ मेह हय गय प्रमान। मद [3]चलहि गंध गुज [4]शिर समान॥
छं० ॥ ३४ ॥

वर रंग नेज कल मिली ताहि। बर बरन बीच सोहंत जाहि॥
पाइन पयाल द्रगपाल हल्लि। चतुरंग सेन चिचंग चल्लि॥
छं० ॥ ३५ ॥

घन जिम निसान बज्जे विसाल। जोगिंद मत्त जग हथ्थ भाल॥
पावस समूह रावर नरिंद। भिषजार भट्ट मोरन गिरिंद॥
छं० ॥ ३६ ॥

कोकिल नफेरि पप्पीह चीह। बोलंत सद्द कवि मधुर जीह।
बरषहति दान गज [4]मद्द मान। फरहरहि धज्ज बगपंति मान॥
छं० ॥ ३७ ॥

अंदून सद्द झिंगुर झँकार। सुभ्भहि असद्द बदि श्रवन यार॥
पावस समूह करि समर चल्लि। रिनथंभ दिसा मेलान मंल्लि॥
छं० ॥ ३८ ॥

सुसज्जित सेनाओं सहित रणथंभ गढ़ के बाएं ओर पृथ्वीराज और दाहिने ओर से समर सिंह जी का आना।

कवित्त ॥ बाम कोद प्रथिराज। छंडि रनथंभ सँपत्तौ॥
बर दच्छिन समरंग। बीर जोगिंद प्रपंत्तौ॥
दुहुन बीर गढ़ चंपि। सुकवि ओपम तिन पाई॥

(१) ए. कृ. को.-गज्जि। (२) मो.-मधि।
(३) मो.-लीह। (४) मो.-मत्त।

कुंभ अंब डोलंत । हथ्थ बरनै रस माई ॥
चहुआन सेन चिचंगपति । चांवद्दिसि बर बिड्डुरिय ॥
बर ढोह छंडि चंदेर न्रप । जुग्गिनि ह्वै सम्हौ भिरिय ॥ छं० ॥३९॥
दूहा ॥ उत चंपे चहुआन ने । इत चंपे चिचंग ॥
मूंदि सास अरि सम दरी । जनु [1]चंप्यौ सु म्रदंग ॥ छं० ॥ ४० ॥

पूर्व में पृथ्वीराज और पश्चिम में समरसिंह जी का पड़ाव था और बीच में रणथंभ का किला और शत्रु की फौज थी।

कवित्त ॥ प्राची दिसि चहुआन । चब्यौ पच्छिम चतुरंगी ॥
दुहूं बीच [2]रिनथंभ । बीच अरि फौज सु रंगी ॥
दुहूं सेन [3]समकंत । [4]नग्ग मत्ता गज अग्गी ॥
मनु राका रबि उदै । अस्त होते रथभग्गी ॥
ससिपाल बीर बंसी [5]विमल । दुहुन बीच मन मेर हुअ ॥
षह मिलै षेह षग्गह हन्यौ । चवै चंद रबि दंद दुअ ॥छं०॥४१॥

किले और आस पास की रणभूमि की पक्षी से उपमा वर्णन।

अंनल पंष अंकुऱ्यौ । जुद्ध पंचाइन मंड्यौ ॥
इक सपंष षग वीय। पेट रनथंभ सु छंड्यौ ॥
पीठि पंड पावार । सु वर हुऔ नष पंषं ॥
एक मुष्ष वन बीर । धीर उभ्भौ विय मुष्षं ॥
न्रिम्मान बंभ बर पुंछ कवि । पुच्छ पाइ साधन समर ॥
दुह लोह कढ्ढि परियार तें । समर मोह भूल्यौ अमर ॥ छं० ॥४२॥

उस युद्ध भूमि की यज्ञ स्थल और पावस से उपमा वर्णन

भुजंगी ॥ मिले आंइ [6]धायं सु आहुठ्ठ राई । लगे बीर बथ्थै लगे लोह धाई ॥
कढ़ी बंक अस्सी ससी बीय गत्ती । बरै ज्वाल ह्वरं मनों हब्बि तत्ती ॥
छं० ॥ ४३ ॥

(१) ए. कृ. को.-चंपी ।　(२) ए.-चतुरंग ।　(३) ए. कृ. को.-चमकंत ।
(४) ए. को.-नग, नगा ।　(५) ए. कृ. को.-बिसल ।　(६) ए. कृ. को.-धाई ।

करै हक्क सीरुं महा मार मारं। धरं किति सीसं तुरं पार पारं॥
बजै सस्त्र बीसं [1]तुरित्तं बषांनं। तिनं सद्द अग्गैं दुरै वै निसानं॥
छं०॥ ४४॥
धकै आइ सूरं बिधं कन्ह हथ्थं। थकी रंभ उतकंठ मनों पंग तथ्थं॥
लगै धार धारं धरक्कै विवानं। गहै हथ्थ छुट्टै चलै देवथानं॥
छं०॥ ४५॥
कटै सुंड डंडं कथै दंत तथ्थं। मनों ज्यों पुलंदी कढ़ै कंद हथ्थं॥
धनं धक्क हथ्थं रसं रंक मत्तं। मनों दंपती संजुर्ध की सुरत्तं॥
छं०॥ ४६॥
परै ढाल ढीचाल गज ढाहि सूरं। महा दिष्यियै बीर रूपं करूरं॥
कटै कंध सूरं उड़ै छिंछ भारी। झरै फूल तथ्थं सिरं डुंड झारी॥
छं०॥ ४७॥
जगी जोगिनी जुद्ध देषैं [2]जरूरं। उड़ै रेंन रावत्त कच्छे करूरं॥
धराधाव श्रोनी पलं भइ जानं। गजे सूर जुद्धं दिसानं दिसानं॥
छं०॥ ४८॥
तपै तेज तेजं सु नेजं सुरंगं। मनो विज्जमाला चमक्कंत चंगं॥
धनुष्षं कमानं धरे मेघ मद्दं। रवै दंड दंडं लफेरी सबद्दं॥छं०॥४९॥
बहै षग्ग बानं मनों बग्ग पानं। रचै चित्त चहुआन षेतं किसानं॥
भिरै भंति भारी परै जूह राजं। ढरै धाइ धंधेर बंधी सु पाजं॥
छं०॥ ५०॥
[3]इलावार पूरं सरित्तान श्रोनं। तिरै रुंड मुंडं मछं जानि तोनं॥
सुषं मेद पाटं सु घाटं घुमानं। भिरे भौर भारी सु ग्रब्बे उमानं॥
छं०॥ ५१॥
गहै नाग सुष्षी अरी जा उठायौ। मनों चंद संदेस पच्छै पठायौ॥
ग्रहैं रंभ मालं भरं ग्रीव बालं। रचै ईस सीसं गरै रुंडमालं॥छं०॥५२॥
पर्यौ षग्ग षीची भरं चिचकोटं। जलं पष्प मच्छी धरं जानि लोटं॥
तहां गत्ति मत्तं न सुष्षं न दुष्षं। थकी जंमसालं लरे सूर पिष्षं॥
छं०॥ ५३॥

(१) मो.-तुटितं। (२) ए. कृ. को.-करूरं। (३) मो.-इलाचार।

महादेव जुद्धं दिष्यौ मेस यानं। धनी चित्रकोटं ¹धसी सेन जानं॥
छं० ॥ ५४ ॥

चँदेरी की सेना और रुस्तमा खां के बीच में रावल समर सिंह जी का घिर जाना।

कवित्त ॥ उत वंसी ससिपाल। इतै रुस्तम्म दुंद बल॥
बिचै समर रावर। नरिंद बीरन गाहरमल॥
उतै तेग उभ्भारि। इतै सिंगनि धरि बानं॥
छंडि निधक अरियान। उररि पारी परि तानं॥
रन तुंग अवर चिंते रिपुन। हवि मुष रुष मुक्कै नहीं॥
भर सुभर दार रष्षन सु बर। समर समर उभ्भौं पही॥छं०॥५५॥

पृथ्वीराज का रावल की मदद करना।

सम खरत्त बर समल। दिष्षि चहुआन कियौ बल॥
बांम मुष्ष अरोहि। नीर असि झल्ल सुषह झल॥
सौ सामंत छै सूर। सथ्थ प्रथुराज सु धायौ॥
सार कोट अरि जोट। पग्ग पल पंभ हलायौ॥
जै जैत देत जै करहि। देव बीर आनँद बढ्यौ॥
तारुन्न तुंग तन तेज बर। असि पहार धर भर चढ्यौ॥छं०॥५६॥

रनथंभ के राजा भान का समर सिंह जी से मिलना और पृथ्वीराज का भी चरन छूकर भेंट करना।

दूहा ॥ रा जदव रिनथंभ तजि। मिलिय राव प्रति मान॥
समरसिंह रावर सु प्रति। चरन चंपि चहुआन॥ छं० ॥ ५७॥

समर सिंह, पृथ्वीराज और राजा भान तीनों का मिल कर युद्ध के लिये प्रस्तुत होना।

(१) ए. कृ. को.-मधी। (२) ए. कृ. को.-कीय।

* दिन धवलो धवली दिसा। धवल कंध भारथ्थ ॥
समरसिंघ रावर मिल्यौ। चाहुआन समरथ्थ ॥ छं० ॥ ५८ ॥
मद्धि फौज प्रथिराज बल। रा जद्दव दिसि बाम ॥
समरसिंघ दछिछन दिसा। चढ़ि संग्राम सु काम ॥ छं० ॥ ५९ ॥

चँदेरी के राजा की फौज से युद्ध के समय दोनों सेना के बीरों का उत्साह और ओजस्विता एवं युद्ध का दृश्य वर्णन।

छंद त्रिभंगी ॥ ससिपालय बंसी, मिलि रन गंसी, बीर प्रसंसी, बर बीरं।
सैंमुष चहुआनं, दुति दरसानं, तमकि रिसानं, चित धीरं ॥
तुरसी रस मंजरि, पति [1]समनंजरी, ग्रह दिय अंजरि, त्रग रारी ॥
बर टोप सु कंतिय, सूर सुभंतिय, बद्दर पंतिय, जम रारी ॥छं०॥६०॥
गोरष्षन पाइय, कंठन लाइय, कढ़ि असि धाइय, विरुझाई ॥
परि जोगह सोकं, दिय दिषि धोकं, बसि सुरलोकं, सरसाई ॥
† वीरंग विचारै, डक्क हकारै, मंचं मारै, उभ्भारै।
छं० ॥ ६१ ॥
अफ्फार कि फारं, असि बर तारं, बंसेति मारं, सिर सूरं ॥
बर टोप समेतं, सिप्पर तेतं, असि आलेतं, हँसि हूरं।
[2]हारी रउ चिन्हं, हथ्थ न लिन्हं, भयउ सभन्नं, ब्रह्मचारं ॥
छं० ॥ ६२ ॥
बर दरसि कपालं, बिय लिय मालं, हसि बर बालं, किल कालं।
‡ नचि नारद पूरं, वजि रन तूरं, बरि बरि सूरं, धरि मालं ॥

---

* "मो" प्रति में छन्द ५८ प्रथम और ५९ उस के बाद आया है परंतु प्रसंग में यही सिलसिला टीक जँचता है।

(१) ए.-समनंजरि। † यह पंक्ति मो. प्रति में नहीं है।

(२) ए. कृ को. हारी चिर चिन्ह।

‡ यह पंक्ति ए. को कृ तीनों पंक्तियों में है, केवल मो. प्रति में नहीं है, परंतु इस का ठाप गौण मालूम होता है।

कर ब्रन्न सु तुट्टं, धर धर लुट्टं, ओपम घट्टं, कविराजं।
ओपम्म विराजं, ज्याजल काजं, मच्छवराजं, सक साजं॥
छं०॥ ६३॥

चष छिंछत श्रोनं, लगि घटि कोनं, उप्पम होनं, घन घाईं।
कवि ओपम तासं, स्त्रर विलासं, माधव मासं, फिरि आई॥छं०॥६४॥

युद्ध में मारे गए सैनिक वीरों की गणना।

कवित्त॥ दस क्रम्मन अरि ठेल। मुरिय पंचाइन सेनं॥
बीर छंक उत्तरी। मुत्ति भिरि रन रत नैनं॥
सुरस पियौ प्रथिराज। प्रगटि अंषिन जल झलकिय॥
पी अधरा रस पीन। प्रातसौ कौ मुष जक्किय॥
चहुआन सु बर सोरह परिग। समर सिंघ तेरह चिघट॥
ससिपाल बीर बंसी सुबर। सहस पंच लुथ्थय सुभट॥ छं० ॥ ६५॥

पृथ्वीराज का अपनी सेना की पांच अनी करके आक्रमण करना।

दूहा॥ निंग्रह [1]नर बेंछंत न्रपति। अहि गवन्न सुष वान॥
पंचं अनी करि षेत चढ़ि। षेत अरक चहुआन॥ छं०॥ ६६॥

युद्ध के लिये सन्नद्ध हुए वीरों के विचार और उनका परस्पर वार्तालाप।

[2]जिन गुन प्रगटत पिंड। सोई सिंघार स्त्रर बल॥
स्त्रत्त [3]कुलस तन जान। लभ्भ कित्तीति सुभट कल॥
जिहि मरन्न मन स्त्रर। मरन जेही मन उत्तरि॥
पंच पंच पथ गोत्र। फिर न एकठ्ठे नर नर॥

(१) ए. कृ. को.-निग्रह नवर।
(३) ए. कृ को.-प्रतियों में यह छन्द दुबारा लिखा हुआ है। पाठ भेद कुछ भी नहीं है।
(४) ए. कृ. को.-कुमल।

घरियार रूपि सु कुठार घट। तंत मुक्कि लग्गी नदिय॥
सिंचीय कित्ति तर अमिय में। धुम्म व्यापं लग्गंन दिय ॥छं०॥ ६७॥

हंसावती की घरयार से और दोनों सेनाओं की छाया से उपमा वर्णन।

दूहा॥ बाल कुँअर घरियार घरि। विय तरवर [1]बर छीह॥
जिम जिम लग्गे तिम अरिय। ढाइन ढाहै दीह॥ छं०॥ ६८॥

सेना के बीच में समर सिंह की शोभा वर्णन।

कुंडलिया॥ पंच चिराकन मझ्झ न्रप। सो सोभित जुग्गिंद॥
मुनि ग्रह सत्तह बीस [2]थह। लिय पारस मंडि चंद॥
लिय पारस मँडि चंद। सुभ्रित ससिपाल सु बंसिय॥
अप्प सामि बर जानि। कित्ति जंपै रन धंसिय॥
सुनिय बेंन बुझ्झियै। घोरि ढंकी अरि रंचै॥
कपट द्रोह करि दूक। पथ्थ टारे [3]पच पंचै॥ छं०॥ ६९॥

प्रातःकाल होते ही समर सिंह जी का अपनी सेना को चक्रव्यूहाकार रचना।

दूहा॥ इम निसि बीर कढ़िय समर। काल्ह फंद अरि कढ्ढि॥
होत प्रात चिचंग [4]पहु। चकाव्यूह रचि ठढ्ढि॥ छं०॥ ७०॥

समरसिंह जी के रचित चक्रव्यूह का आकार और क्रम वर्णन।

कवित्त॥ समरसिंघ रावर। नरिंद कुंडल अरि घेरिय॥
एक एक असवार। बीच बिच पाइक फेरिय॥
मद सरक [5]तिन अग्ग। बीच सिल्लार सु भीरह॥

(१) मो.-बर वीह। (२) ए. कृ. को.-हथ।
(३) ए. कृ. को.-पंच पंच। (४) ए. कृ. को.-पंग।
(५) ए.-विन।

गोरंधार विहार। सोर छुट्टै कर तीरह ॥
रन उदै उदै बर अरुन हुअ। दुह्र लोह कढ्ढी बिभर ॥
जल उकति लोह हिल्लोरही। कमल हंस नंचै सु सर ॥छं०॥७१॥

युद्ध वर्णन।

रसावला ॥ करं लोह कड्ढै, रसं रोस बड्ढै। अँगं अंग गड्ढै, कयं सूर कड्ढै ॥ छं० ॥ ७२ ॥

असी अंच उड्ढै, घटं घट्ट गड्ढै। हकं सीस रड्ढै, षगं सूर कड्ढै ॥ छं० ॥ ७३ ॥

गिधं लोल रड्ढै, द्रुनं नंच ठड्ढै। थुती रंभ पड्ढै, अँतं तुट्ट जुट्टै ॥ छं० ॥ ७४ ॥

सिरं अंग बड्ढै, लोहं पच्छ कड्ढै। करं कित्ति मड्ढै, वकं बीन नड्ढै ॥ छं० ॥ ७५ ॥

मुषं चंद पड्ढै, ...। सिँघ सम्भ रंनी, लुथ्थिं लुथ्थ घन्नी ॥ छं० ॥ ७६ ॥

संधि तुट्टं ऐसे, कंधं बंध्य जैसे। ...., ... ॥ छं० ॥ ७७ ॥

समरसिंह की युद्ध चातुरी से राजा भान का उत्साह बढ़ना और तिरछे रुख पर पृथ्वीराज का आक्रमण करना।

दूहा ॥ समरसिंघ दिष्यत सुबर। उप्पारे रन भान ॥
दइ समान दुज्जन दवन। तिरछौ परि चहुआन ॥ छं० ॥ ७८ ॥

चँदेरी की सेना का तुमुल युद्ध करना।

रसावला ॥ इसी सेन राई, चँदेरी सुभाई। षगं षोलि धाई, अरी सीस घाई ॥ छं० ॥ ७९ ॥

भिरंतं बजाई, रजं तम्म छाई। विरुझ्झाई धाइ, असी बंक झाई ॥ छं० ॥ ८० ॥

कि रचं उड़ाई, ससी व्यंव पाई। सुतं [1]राति छाई, कवी कित्ति गाई॥
छं० ॥ ८१ ॥

उमा ज्यों बताई, बरं पंच पाई। चवंसट्ठि ताई, ... ॥छं०॥८२॥

लही मुग्ति रासी, अवी अब्बि नासी। उपं राज जीतं, सु भारथ्थ बीतं॥
छं० ॥ ८३ ॥

रावल समरसिंह जी और चंदेरी के राजा का द्वन्द युद्ध और चन्देरी के राजा (बीर पंचाइन) का मारा जाना।

कवित्त ॥ बर बंसी ससिपाल। समर रावर रन [2]जुड्डे ॥
अमर [3]बंध चिचंग। बीर पंचाइन बड्डे ॥
सबै सथ्थ सामंत। षेत ढोल्यौ विरुझाइय ॥
गुरिन गयौ अरि ग्रहन। लद्ध नन लुथ्थि न पाइय ॥
प्रथिराज बीर जोगिंद न्रप। दिष्ट देव अंकुरि रहिय ॥
बंधनह वत्त बंधन दिवन। दिष्टकूट हसि हसि कहिय ॥छं०८४॥

युद्ध के अन्त में रणथंभ गढ़ का मुक्त होना। हुसैन खां और कन्हराय का घायल होना।

लुट्टि लच्छि चिचंग। राज रिनथंभ [4]उबारे ॥
षेत ढुंढि चहुआन। कन्ह चहुआन उपारे ॥
उभै घाइ बर अस्स। घाइ आहुट्ठ अठोभिय ॥
पंच घाइ हुस्सेन। षान चौंडोल घालि लिय ॥
प्रथिराज बीर बीरंग बलि। निसि सपनंतरे अड्ढ पहि॥
[5]यागत्ति जागि देषै न्रपति। तबह कन्ह जलथानं लहि ॥छं०॥८५॥

(१) ए. कृ. को.-रारि। (२) मो.-सड्डे।
(३) ए. कृ. को.-बांधे। (४) मो.-उचारे। (५) ए. कृ. को.-मत्ति।

पृथ्वीराज का स्वप्न में एक चन्दवदनी स्त्री के साथ प्रेमालिङ्गन करना और नींद खुलने पर उसे न पाना।

हंस [1]सुगति माननी। चंद जामिनि प्रति घट्टी ॥
इक तरंग सुंदरि सुचंग [2]हय नयन प्रगट्टी ॥
हंस कला अवतरी। कुमुद बर फुल्लि समथ्थै ॥
एक चिंत्त सोइ बाल। मीत संकर अस रथ्थै ॥
तेहि बाल संग में पूहुय लिय। बरन बीर संगति जुवह ॥
जाग्रत्त देवि बोलि न कछू। नवह देव नन मान वह ॥छं०॥८६॥

पृथ्वीराज से कविचन्द का कहना कि वह स्त्री आपकी भविष्य स्त्री हंसावती है कहिए तो मैं उसका स्वरूप रंग कह डालूं।

दूहा ॥ * सो सुपनंतर देषि वह। सो तुअ बर बर नारि ॥
बे वर गज्जि नरिंद तूं। हसि हसि पुच्छि कुंआरि ॥ छं० ॥ ८७ ॥
एन बयन रुपह रवन। इन गुन इन उनमान ॥
धीरत्तन पूजंत बर। सुनहु तौ कहूं प्रमान ॥ छं० ॥ ८८ ॥

हंसावती के स्वरूप गुण और उस की वयःसन्धि अवस्था की सुखमा और उसके लालित्य का वर्णन।

हनूफाल ॥ सुनि सुबर बरनी रूप। तिहि चढ़न बै न्रप भूप ॥
दिन धरत सैसव एह। बालत्त तज्जन देह ॥ छं० ॥ ८९ ॥
वय काम द्रिन पछितान। आवंन दिन सुभ जानि ॥
इन काज असुभ प्रमान। ज्यों सहिव तजि अनि ध्यान ॥छं०॥९०॥

---

(१) मो.-गति। (२) मो.-हय

* इस छन्द मे यद्यपि पृथ्वीराज और चन्द कवि किसी का नाम स्पष्ट नहीं है परंतु छन्द के भाव से यह ज्ञात होता है।

धन धनक वेदी काम। [1]द्रिग काल गौरभ वाम॥
जंजीर भौंह चढ़ाइ। देयंत काम बजाइ॥ छं०॥ ९१॥
बरछिन्न उन्नित बाल। बर काम चित चढि साल॥
चित हरुअ गरुअ सुहंत। गुर गरू होत पढ़ंत॥ छं०॥ ९२॥
जिम जिम सु विघा आइ। तुछ भरत तुछ सरसाइ॥
मति लघू अलघु प्रमान। [2]अंब निबंद समान॥ छं०॥ ९३॥
बर मत्त पिछली जीअ। तहां रसन [3]हीनति पीय॥
गति हंस चढ़त सुभाइ। सुत बंटि [4]जसु अभिसांइ॥ छं०॥ ९४॥
सैसव सु सुतन सुषाइ। जोवन्न रस सरसाइ॥
तिसहूंत गजगति जानि। ....॥ छं०॥ ९५॥
जसु पन्न चित क्रम मान। जिम संधि प्रथम गियान॥
प्राचीय मुष रंग सूर। प्रगट्यौ सु काम करूर॥ छं०॥ ९६॥
बर बाल माहि सरुप। घट धरक कपट अनूप॥
वय बाल [5]जोवत काज। किप कपट उत्तर लाज॥ छं०॥ ९७॥
मधु मधुर [6]अम्रत जानि। बेजियन सीषत बानि॥
मति मत्ति बरनी षाइ। तहां बाल बेस [7]छिकाइ॥ छं०॥ ९८॥

पृथ्वीराज उक्त बातों को सुनही रहा था कि उसी समय भान के भेजे हुए प्रोहित का लग्न लेकर आना।

कवित्त॥ कहि सुपनंतर [8]न्रपति। सु वह श्रोतान वढ़ाइय॥
तव लगि [9]भान नरिंद। बीर दुजराज पठाइय॥
[10]वर दुजराज पठाय। रतन उर कीनौ अप्पी॥

(१) ए. कृ. को.-दृग का लग्गौ सुभ बांम। (२) मो.-अंबं बिन्द समान।
(३) मो.-हीनित। (४) मो.-अभि जनु माइ।
(५) ए. कृ. को.-जोबन। (६) ए. कृ. को.-उंतम।
(७) मो.-लुकाय। (८) मो.-उपति।
(९) ए. कृ. को.-मान।
(१०) ए. कृ. को.-"हय हथ्थिय मनि मृत्त रतन उर किन्हो रप्पी"।

तिथ पंचम रवि भौम। लगन प्रथिराज सु थप्पौ ॥
कमलहु सुरीज किन्नौ कनक। किति लभ्भी दुज्जन बहिय ॥
तप तेज भान मध्यान ज्यौं। तिन चौहान चंदह कहिय ॥छं०॥९९॥

और उक्त रनथंभ के युद्ध की रत्नाकर से उपमा वर्णन।

बर पंचाइन समर। दंड मुक्किय बर मुक्किय ॥
मथी सेन सम्मूह। रतन कित्ती फल रुक्किय ॥
लच्छि भाग चहुआन। हथ्थ हंसावति लड्डिय ॥
अम्रत भाग चिचंग। सेन हाला हल सड्डिय ॥
बारुनी बीर अस्सिय सु झर। अरिन पाइ जस रतन लिय ॥
मह महन रंभ हथ्थह कपट। सिंभ सीस बर अप्प लिय ॥छं०॥१००॥

लग्न के समय के अन्तरगत पृथ्वीराज का बारू बन को शिकार खेलने के लिये जाना।

दूहा ॥ तब लगि मंतन लगन दिन। न्त्रिप आषेटक जाइ ॥
बारू बन उभ्भौ न्त्रपति। मात दरस निस पाइ ॥ छं० ॥ १०१ ॥

पृथ्वीराज के बारू बन में शिकार करते समय सारंग राव सौलंकी का पितृबैर लेने का विचारकरना।

कवित्त ॥ बारु विरल बन न्त्रपति। राइ आषेटक सारिय ॥
सारंग चालुक चूक। रूक तिहि बेर विचारिय ॥
समरसिंघ चढ़ि हथ्थ। हथ्थ आवै चहुआनं ॥
पिता बैर बहु बंध। हुऔ कर नार समानं ॥
बर बैर सपुत्तन निक्कसै। ज्यौं आगम अरि अंगयौ ॥
बर बीर बैर ससि सनिह लगि। गुन प्रधान बर मंगयौ ॥छं०॥१०२॥

सारंगदेव का कहना कि पितृबैर का लेना वीरों का मुख्य कर्तव्य है।

दूहा ॥ बैर काज बर नंद सुत। बर बैरोचन हत्त ॥
करि वसीठ माली सुतन। बैर पुब्ब मन जित्त ॥ छं० ॥ १०३ ॥

कवित्त ॥ सुनि मंचीवर बैर। राम रावन *सिर सज्जिय ॥
बैर काज ग्रहभेद। करन उरजन सिर भज्जिय ॥
बैर काज सुग्रीव। बाल जान्यो न बंधगति ॥
बैर वीति सुर इंद्र। बैर चिंतिजैं इसी भँति ॥
चहुआन समर लभ्भै जु तत। चंद सूर जिम ग्रेह लिय ॥
बर चूक दान अग लग्गिहै। किति एक जुग जुग चलिय ॥छं०॥१०४॥
[1]किति काज परधान। राज राजन सुख चुक्किय ॥
किति काज बिक्रम्म। देश देसह धर लुक्किय ॥
किति काज पंवार। सीस जगदेव समप्पौ ॥
किति काज बर सिवरि। [2]मथ्थ कर कट्टि सु अप्पौ ॥
ॐ रष्यंत [3]अचल गल्हां जियनु। कीरति सब जग भल कहै ॥
सकंग एक जुग्गन विरह। रहै तो गुर भल्हा रहै ॥ छं० ॥ १०५ ॥
दूहा ॥ केहरि कल केहरी हिरन। करन जोग में ईस ॥
कोइक उत्तर देषिये। गल्ह बोहथी सीस ॥ छं० ॥ १०६ ॥

सारंग राय* का नागौद के पास मंगलगढ़ के राजा हाड़ा हम्मीर से मिल कर उसे अपने कपट मत में बांधना।

कवित्त ॥ मंगल गढ़ मंगीलिय। नयर नागदह मिलंतह ॥
है हाड़ा हम्मीर। नैन बाह्न सु जुरंतह ॥
पारधिरा प्रथीराज। चूक मंड्यौ चालुक्कां ॥
हाड़ा सों हथलेव। मूल कट्टन [4]सालुक्कां ॥
भंभरी भीर भौनिग तनय। परि पगार उद्दिग्ग तन ॥
पंचारि राइ पट्टनपती। तिवर तेग बत्ते कहन ॥ छं० ॥ १०७ ॥

* "सारंग राय" भीम देव का पुत्र था। यद्यपि यह बात इस छन्द में स्पष्ट नहीं लिखी गई है परंतु इस "पिता बैर बहुबन्ध, हुओ कर नार समान" पंक्ति से उक्त आशय निकलता है।

(१) ए. कृ. को.- किसी को परधान राज हरिचन्द न मंकिय

(२) ए. कृ. को.-मंस।   (३) ए. कृ. को.-अचर।

ॐ ए. कृ. को.-प्रतियों में "कित्ती काज श्रिय राम राज भाभीछन दोनों" पाठ है और दूसरी पंक्ति "कित्ती काज बिक्रम्म जैसे देसह धर लुदिकय" नहीं है।   (४) ए. कृ.-को.-चालुक्कां।